डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकःसीओई–468/पत्रा.सीओई–42/स्पेबैपेप0–2021द्वितीय/डीएसएमएनआरयू/2021–22 दिनांक 16.10.2021

# कार्यालय ज्ञाप

## (स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) के संबंध में)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 8वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पत्रांक सी.ओ.ई.–209 दिनांक 29.01.2021 में लिये गये निर्णयानुसार निर्दिष्ट शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनके द्वारा निर्धारित व्यवस्थान्तर्गत अधिसत्रान्त/वार्षिकी परीक्षाओं के साथ–साथ उनसे संबंधित सम/विषम सेमेस्टर की बैक–पेपर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने के पश्चात् भी उन समस्त पाठ्यक्रमों में जो विगत् शैक्षणिक सत्रों की अधिसत्रान्त/वार्षिकी परीक्षाओं (अधिसत्रांत परीक्षान्तर्गत माह मई–2014 से माह मई–2020 तक प्रतिभाग कर चुके) के किसी विषय/प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित, अर्थात पूर्व में आयोजित मिड सेमेस्टर टेस्ट/मौखिकी/प्रायोगिक–आन्तरिक परीक्षाओं एवं सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण विषयों/प्रश्न–पत्रों तथा कोविड–19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न संकट की विषम परिस्थिति/अपिरहार्य कारणों से उक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने में असमर्थ/वंचित रहे हैं, को भी सम्मिलित कर उन समस्त आवेदित अभ्यर्थियों के भविष्य हित के दृष्टिगत अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 में प्रतिभाग करने हेतु प्रदत्त अनुमोदन/अनुमति के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप पत्रांक सीओई–200 दिनांक 18.01.2021, सीओई–211 दिनांक 30.01.2021, सीओई–242 दिनांक 11.02.2021, सीओई–130 दिनांक 09.07.2021 तथा सीओई–133 दिनांक 13.07.2021 में निर्गत दिशा–निर्देशानुसार समस्त प्रतिभागी आवेदकों/अभ्यर्थियों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत परीक्षायें माह जुलाई–अगस्त, 2021 में सम्पन्न कराई जा चुकी है।

(2). विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् रहे अब ऐसे विद्यार्थी, जिनके द्वारा अधिसत्रान्त/वार्षिकी परीक्षाओं के साथ–साथ उनसे संबंधित सम/विषम सेमेस्टर की बैक–पेपर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने के पश्चात् भी **मात्र वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020–21 के अन्तर्गत अधिसत्रान्त/वार्षिकी परीक्षाओं (सत्रांत परीक्षा माह मई–2021 की आयोजित परीक्षा माह जुलाई–अगस्त में प्रतिभाग कर चुके) के किसी विषय/प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित अर्थात वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020–21 के अन्तर्गत आयोजित मिड सेमेस्टर टेस्ट/मौखिकी/प्रायोगिक–आन्तरिकपरीक्षाओं एवं सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुपस्थित, अनुत्तीर्ण संगत विषयों/प्रश्न–पत्रों हेतु उनके भविष्य हित के दृष्टिगत अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 (द्वितीय) का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।**

(3). **उपरोक्त कमांक–02 पर वर्णित व्यवस्थानुसार मात्र आवेदित अभ्यर्थियों** को स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–**2021 (द्वितीय)** में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु इस आशय का शपथ–पत्र भी अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जायेगा कि "वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020–21 के अन्तर्गत अधिसत्रान्त/वार्षिकी परीक्षाओं (सत्रांत परीक्षा माह मई–2021 की आयोजित परीक्षा माह जुलाई–अगस्त में प्रतिभाग कर चुके) के अनुपस्थित, अनुत्तीर्ण–संगत प्रश्न–पत्रों/विषयों हेतु स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) के अन्तर्गत आयोजित परीक्षा में एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए प्रतिभाग करने की अनुमति इस शर्त के अधीन दी जाती है कि ऐसे समस्त विद्यार्थियों को दिया जाने वाला यह अन्तिम अवसर होगा, इसके पश्चात् इस संबंध में कोई अतिरिक्त/अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा यह भविष्य के लिये दृष्टान्त नहीं माना जाएगा। संबंधित आवेदक/अभ्यर्थी की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया जाने वाला संबंधित परीक्षा परिणाम अन्तिम व सर्वमान्य होगा।"

(4). उपर्युक्तानुसार स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) हेतु परीक्षा की विभिन्न विधाओं में निम्नानुसार निर्धारित किये गये शुल्क को विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशानुसार आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगाः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | थ्योरी पेपर | रू0 500/–प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 2. | प्रायोगिक परीक्षा हेतु | रू0 1000/–प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 3. | आंतरिक परीक्षा (मिड सेमेस्टर, एसाइन्मेण्ट/प्रजेन्टेशन, प्रोजेक्ट, मौखिकी आदि) ***आन्तरिक परीक्षा के अन्तर्गत मिड सेमेस्टर एवं एसाइन्मेण्ट/प्रेजेण्टेशन दोनों में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।** | रू0 500/–प्रति प्रश्न–पत्र। |

(5). स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 से संबंधित परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन के माध्यम से दिनांक 20.10.2021 से दिनांक 27.10.2021 तक आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है जिसकी ऑन लाइन आवेदन संबंधी प्रक्रिया/प्रेषण की सूचना पृथक से निर्गत की जायेगी।

उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

**पत्रांकःसीओई–468/पत्रा.सीओई--42/स्पेबैपेप0–2021द्वितीय/डीएसएमएनआरयू/2021–22 दिनांक 16.10.2021**

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/कोआर्डिनेटर, विश्वविद्यालय।
5. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय।
7. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/महाविद्यालय/संस्थान।
8. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड हेतु प्रेषित।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. गार्ड फाइल।

16/10/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक